

अनदेखी

व्यापारियों की गुहार के बावजूद प्रशासन खामोश

# 40 वर्षों से काबिज व्यापारियों को हटाने इनकी दुकानों पर चलाया जा रहा हथौड़ा

**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 17 जनवरी,** सत्ता तथा धन बल के नशे में चूर नेताओं द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों से सांठगांठ कर शासकीय नजूल की भूमि की खरीद फरोख्त करने के बाद इसी शासकीय भूमि पर शापिंग काम्पलेक्स बनाने पिछले 40 वर्षों से काबिज रहते हुए व्यवसाय कर अपना तथा अपने परिजनों का जीवन निर्वाह करने वाले व्यापारियों को यहां से बेदखल कर इनकी दुकानों को तोड़ने आमादा है। अपना व्यापार चौपट होता देख उसे बचाने पीड़ित व्यापारी विभागीय अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों के दरबार में पहुंचकर न्याय की गुहार लगा रहे है।

जिला बनते ही माफियाओं की शासकीय भूमि पर गिद्ध दृष्टि 000

पांढुरना जिला अस्तित्व में आने के बाद से यहां के जमीनों के भाव आसमान छूने लगे है,जिसे देख भू माफियाओं के साथ ही अवैध व्यापार से लाखों करोड़ों की चल अंचल संपत्ति खरीदने वालों द्वारा निजी के साथ ही शासकीय भूमि पर भी दबंगई से अपना कब्जा जमाने लगे है,नियम विरुद्ध होने वाले इस सब को जिले के आला अधिकारी खुली आंखों से देखने के बाद भी पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है,सूत्रों की माने तो इसके एवज में इन जिम्मेदार अधिकारियों को भी लाखों रूपयों की दक्षिणा भेट स्वरूप चढ़ाई जा रहीं है ।

**अधिकारी भूमि नहीं होने का रौ रहे रौना,माफिया शासकीय भूमि पर कर रहे कब्जा**

एक और तो जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पांढुरना में शासकीय कार्यालय भवन बनाने के लिए कोई भी शासकीय भूमि नहीं होने का रोना रोते नहीं थक रहे,वहीं दूसरी ओर नगर जिला मुख्यालय में ही शासकीय नजूल के भूमि की नियम विरूध्द खरीदी बिक्री होने के साथ ही इन भू माफियाओं द्वारा नदी,नालों पर तक खुलेआम अवैध कब्जा कर शापिंग काम्पलेक्स बनाते हुए लाखों रुपयों में दुकाने बेचने के बावजूद यहीं जिम्मेदार विभागीय अधिकारी पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है। इन्हीं अधिकारियों की गैर जिम्मेदारी के चलते ही पांढुरना जिले को अस्तित्व में आने को दो वर्षों से भी अधिक का लंबा समय बीतने के बाद भी आज तक अन्य विभाग तो दूर की बात जिला कलेक्टर जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय का भवन तक नहीं बना पाया है। जब की नगर जिला मुख्यालय में ही शासकीय नजूल की भूमि पर चार-चार पांच-पांच मंजिला शापिंग काम्पलेक्स बनाकर लाखों रूपयों में दुकाने बेची जा रहीं है।





## पहले भी रातों रात तोडा शापिंग काम्पलेक्स

कुछ माह पहले ही नगर के हृदय स्थल अंबिका चौक के एक शापिंग काम्पलेक्स को सफेदपोश नेताओं के इशारे पर अधिकारियों द्वारा जर्जर बताते हुए रातों रात जेसीबी की मशीन लगाकर जमींदोज कर दिया था। अब इसी जगह पर आलीशान शापिंग काम्पलेक्स बनाया जा रहा है,इसी निर्माणाधीन शापिंग काम्पलेक्स की लाखों रुपयों में दुकाने तक बिक चुकी है। कुछ इसी तरह का नजारा इन दिनों नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले प्रमुख नागपुर भोपाल मार्ग से लगे पुलिस थाने के सामने स्थित शाह सदन में दिखाई दे रहा है ।

## 40 वर्षों का व्यवसाय हो जाएगा चौपट

अब जिन लोगों ने यह शासकीय नजुल की भूमि क्रय की वह इस शाह सदन को गिराते हुए यहां पर आलीशान शापिंग काम्पलेक्स बनाकर लाखों रुपयों में दुकाने बेचने का सपना सजाये है। इसमें सबसे बडी विडंबना यह कि न तो शाह सदन के वारसानों ने और न हीं इस भूखंड को खरीदने वालों ने बीते 40 वर्षों से व्यवसाय करने वालों व्यापारियों के बिना सहमति के ही भवन गिराने का काम शुरू कर दिया है। जिससे इन व्यापारियों तथा उनके परिवार वालों पर भूखों मरने की नौबत आ गई है ।

## 40 वर्षों से काबिज व्यापारियों को हटाने तोडी जा रहीं दुकानें

गौरतलब हो कि माने तो शासन द्वारा वर्षों पूर्व पुलिस थाने के सामने मौजा बम्हणी प.ह.नं.53 रा.नि.मं.खसरा नंबर 3/6 एवं 4/7 के शासकीय भूखंड को रहने के लिए शाह परिवार को लीज पर दिया गया था,जिस पर शाह सदन बनाने के साथ ही यहां पर छह- से सात व्यापारी पिछले 40 वर्षों से अपना व्यवसाय कर अपना तथा अपने परिजनों का भरण पोषण कर रहे है। वहीं जिन्हें यह शासकीय भूखंड रहने के लिए आवंटित किया गया था इसमें से कई तो परलोक सिधार गए तो कई देश के अन्य महानगरों में रहने चले गए तो कुछ ने नगर में ही अन्यंत्र भूमि क्रय कर वहां पर अपना आशियाना बंगला बना लिया,लेकिन इनमें से कुछ लोगों ने जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर यह शासकीय भूमि करोड़ों ने अन्य लोगों को बेच दी है।



## फिर अधिकारियों के चौखट पर पहुंचे पीड़ित व्यापारी

पीड़ित व्यापारियों द्वारा इन दबंगों द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के इस भवन को जबरन गिराने की कार्यवाही को तत्काल बंद कर नियम विरुद्ध क्रय कि गयी इस शासकीय भूमि की कार्यवाही को शून्य करने की गुहार जिला कलेक्टर,एसडीएम,नगर पालिका से की है। लेकिन इसके बावजूद इन दबंगों द्वारा दिन रात भवन तोड़ने की कि जा रहीं कार्यवाहीं को देख शनिवार को फिर इन सभी पीड़ित व्यापारियों द्वारा एसडीएम अलका इक्का एवं पुलिस थाने में भी पहुंचकर हस्ताक्षरयुक्त शिकायत पत्र सौंपते हुए दबंगों द्वारा भवन गिराने के साथ ही की जा रहीं कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है ।

व्यापारियों ने की संभावना व्यक्त 000

इन व्यापारियों ने अधिकारियों से चर्चा कर संभावना व्यक्त की है कि जिस तरह अंबिका चौक के पुराने शापिंग काम्पलेक्स को रातो रात गिराया गया था उसी तर्ज पर इन दबंगों द्वारा इस शाह सदन के भवन को भी गिराने जा सकता है,इसलिए समय रहते उचित कार्यवाही करने की मांग की है ।

## होंगी लाखों की क्षति

यदि इन दंबगों द्वारा रातो रात अत्याधुनिक मशीनों से भवन गिराया जाता है तो इन व्यापारियों के दुकानों में रखा लाखों रुपयों का सामान पूरी तरह बर्बाद हो जाने के साथ ही उनका पूरा व्यापार चौपट होने से इन व्यापारियों तथा इनके परिजनों पर भूखों मरने की नौबत आ जाएगी ।

## पांढुरना में भी साम्राज्य बनाने माफिया सक्रिय

सूत्रों की माने तो जिले के सौसर के खनिज तथा भू माफियाओं द्वारा सौंसर के साथ-साथ अब पांढुरना नगर जिला मुख्यालय में भी अपने पाव पसारना चाह रहे है,इसलिए इन्होंने सौंसर की जिवन दायनी नदियों से अवैध रूप से सफेद रेत निकालकर इन नदियों को खोखला कर वहां से लाखों करोड़ों की गई धन उगाही की इसी राशि से अब यह पांढुरना में भी अपना साम्राज्य खडा करने के लिए ही नगर के कुछ दबंगों के साथ मिलकर पांढुरना नगर की निजी के साथ ही शासकीय जमीन हथियाने में लगे हुए है।

# प्रतिबंध के बावजूद चायनीज मांझे का खुलेआम विक्रय

नगर में चायनीज मांझे की चपेट में आया युवक, गंभीर रूप से हुआ घायल

**नवभारत न्यूज़, पिपला नारा.वार।** शासन द्वारा पूर्णत: प्रतिबंधित किये जाने के बावजूद नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में चायनीज मांझे का विक्रय धडल्ले से जारी है। जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड रहा है। शनिवार को चायनीज मांझे की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जामसांवली स्थित मंदिर में कारंजा महाराष्ट्र का एक श्रद्धालू दर्शन कर वापस लौट रहा था, तभी सौसर-पांढुर्णा मार्ग पर नगर के गोहटान परिसर समीप अचानक हवा में लटकते चायनीज मांझे की चपेट में आ गया। मांझा धारदार होने के कारण युवक के गले और हाथ में गहरे घाव आये। स्थानीय नागरिकों की मदद से उसे तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहा उसका उपचार किया गया। घटना के बाद नागरिकों में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि, चायनीज मांझा न केवल आमजन बल्कि वाहन चालकों, बच्चों, पशु पक्षियों के लिये जानलेवा साबित हो रह है। इसके बावजूद न तो विक्रेताओं पर ठोस कार्यवाही हो रही है और न ही सडकों व सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी रखी जा रही है। षासन द्वारा चायनीज मांझे के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है, फिर भी नगर में यह आसानी से उपलब्ध होना पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खडा करता है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि, पुलिस प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर चायनीज मांझे के अवैध विक्रय पर कठोर कार्यवाही करे, दोषियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया जाये तथा नगर में विशेष अभियान चलाकर ऐसे जानलेवा मांझे को जप्त किया जाये, ताकि, भविष्य में किसी और निर्दोष की जान खतरे में न पडे।



# रामाकोना में कांग्रेस का एक दिवसीय मौन उपवास



**नवभारत न्यूज़, रामाकोना 17 जनवरी.** आज लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इंदौर के भागीरथपूरा पहुंचे इसी कड़ी में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर भागीरथपूरा में दूषित पानी पीने से हुई मासूम लोगो की मौतों को लेकर आज ग्राम रामाकोना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस ने दिवसीय मौन उपवास किया। इस अवसर पर विधायक विजय चौरे,भाऊराव चौधरी,नाना गोयल, सुनील भांगे, चंद्रशेखर गुर्वे, सुनील तिवारी, कादिर मंसूरी, प्रकाश हनवते,राजू ठोसरे, लक्ष्मण वाठ, प्रशांत महाले,शंकर धूढे, अमरीश जैसवाल ,शिव सालोटकर ,राजा कलस्कर,राहुल भक्ते, प्रशांत धुर्वे, नीलम खडसे आदि मौजूद रहे।

# विधिक साक्षरता शिविर में छात्राओ ने जाने अपने अधिकार



**नवभारत न्यूज़, सौसर 17 जनवरी.** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सौसर मे तहसील विधिक सेवा समिति एंव सिव्हील न्यायालय सौसर द्वारा विधिक साक्षरता एंवम जागरुकता शिविर का आयोजन न्यायमूर्ति सुश्री सौम्या सिंह ,व्यवहार न्यायाधीश के प्रमुख आतिथ्य मे किया गया जिसमे छात्राओ व शिक्षकीय स्टाफ़ को विधिक जानकारी प्रदान की गयी। न्यायाधीश सुश्री सौम्यासिंह ने लडकियो के लिए शिक्षा एंव पैतृक सम्पति मे अधिकार, बालको के लिया बना क्रूरता अधिनियम, दहेज विरुद्ध कानून, एंवम सुचना के अधिकार की जानकारी सह पॉक्सो एक्ट मे अठारह वर्ष के नीचे के बालक बलिकाओ का लैंगिक अत्याचारों से संरक्षण व उनके अधिकार, शिक्षा का, खाने का, नींद और जमानत का अधिकार। लड़कियों को शिक्षा, स्वतंत्रता और स्वावलंम्बी होने का भरण पोषण के अधिकारो की विस्तृत जानकारी दी गयी। उसी प्रकार समाज के वंचित और गरीबो को केस लडने निश्शुल्क अधिवक्ता शासन की ओर से प्रदान किया जाता है। झूठे केस मे फंसाने बारे मे जानकारी। न्याय की उम्मीद लगाए लोग लीगल अधिकारों को पढेंगे तो सशक्त होंगे। आज छात्राओ को न्यूज़ पेपर पढ़ने की आवश्यकता है क्योंकि इससे हमे बहुत सी जानकारिया जैसे अपने अधिकारों के बारे मे, कानून के बारे मे,अपनी ड्यूटी के बारे मे कर्तव्य के बारे मे शिक्षा, स्कूलों, कॉलेजों और उसमे पढाये जाने वाले कोर्स के बारे मे, नौकरी की वेकेंसी के बारे मे जानकारी मिलती है। छात्राएं एंव महिलाएं मोबाइल के उपयोग मे सदैव सावधनी बरते। ऑनलाईन अपराधो जैसे,स्टाकिंग, अवांछित मैसेज करना, वीडियो काल से, झूठे केस मे फँसाने का डर दिखा पैसे मांगना वर्चुअल अरेस्ट के अपराधो के बारे मे सत्य घटनाओ के उदाहरण देकर व्यवहार न्यायाधीश ने सचेत किया। जुडिशिअली मे तथा यूपीएससीमे तथा राज्य की पीएससी परीक्षाओ के बारे मे केरियर मार्गदर्शन भी किया जिसमे विभिन्न नौकरियो मे अपना कैरियर बनाया जा सकता है।। सूर्यकीर्ति काले वरिष्ठ शिक्षक ने संविधान निर्माण, विधायिका, कार्यपालिका,तथा न्यायपालिका,के कार्यो की जानकारी के साथ कानून क्षेत्र मे कैरियॅर निर्माण की प्रचुर संभावनाओ की जानकारी दी। कार्यक्रम मे शाला छात्राओ ने कानून संबंधित प्रश्न पुछे तथा उनकी जिज्ञासाओ का समाधान न्यायाधीश सौम्यासिंह ने किया तथा आगामी मार्च माह मे होने वाली लोकअदालत की जानकारी प्रदान की गयी और अपील की इसका लाभ सभी लोग ले सकते है जिनको त्वरित न्याय चाहिए। कार्यक्रम मे कीर्तिसागर बागडे, शकुंतला कमाले, सरोज वालके ,राजेंद्र डोंगरे राजरत्न बागडे, न्यायालयिन स्टाफ़ मे से वैशाली कवडेती सहायक ग्रेड 3, नजीर पठान पीएलवी उपस्थित रहे। संचालन सूर्यकीर्ती काले ने तथा आभार प्रदर्शन अमित तातेकर ने किया।

# सरपंच ने अपने जन्मदिन पर आंगनबाड़ी में सामग्री की भेंट



**नवभारत न्यूज़, सौंसर 17 जनवरी.** आज ग्राम पंचायत तिनखेडा में आंगनवाड़ी केन्द्र पर शिशु की पढ़ाई के लिए सरपंच हरिदास धुर्वे नें अपने जन्मदिन पर डेस्क,टुल्स आदि सहायक शिक्षक सामग्री वितरित की।इस अवसर पर - इस अवसर पर संदीप भाऊ मोहोड़ भाजपा जिला अध्यक्ष पांढुर्णा,वरिष्ठ नेता मोरेश्वर मर्सकोले ,जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड़ ,सौसर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते ,लोधीखेडा मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे , युवराज भाऊ जीचकार पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष, योगेश जीचकार उपसरपंच, श भोजराज गौरखेड़े प्रदेश अध्यक्ष बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़,पुजाराम कामेडी , गुणवत्ता वंजारी , नेमाजी सावरकर , प्रभाकर भुते, रविंद्र बंजारी जी,श्री राजू भुते , दादराव भुते , वामन भुते , उत्तम भुते , सुरेश धुर्वे , राजकुमार गोरखड़े , डोमा सोनेकर , गोपाल धुर्वे , खेमराज सोनेकर , मोरेश्वर उईके, विलास मसराम, सूरज भूते,एवम ग्राम के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# जिला अध्यक्ष मोहोड के एक वर्ष पूर्ण होने पर दी बधाई



**नवभारत न्यूज़, सौंसर 17 जनवरी.** आज भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के संदीप मोहोड के सफलतम 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में समस्त महिला मोर्चा की बहनों ने जिला अध्यक्ष श्री मोहोड का पुष्प गुच्छ देकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया और आगे भी उनके द्वारा भारतीय जनता पार्टी के अच्छे कार्य करने की शुभेच्छा दी इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती उषा भमोरे के साथ महिला मोर्चा की श्रीमती रागिनी जायसवाल कविता फरकारे भारतीय चंदनकर कमला दीदी गुप्ता कविता बारापातत्रे और मीना जी प्रजापति ऐसे समस्त बहनों ने शुभकामनाएं दी.

# आईपीएल चयनित मंगेश यादव का पूर्व मंत्री मोहोड ने किया स्वागत

**नवभारत न्यूज, सौसर।** आईपीएल के लिये चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन करनेवाले होनहार क्रिकेट खिलाडी मंगेश यादव का पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने शाल श्रीफल के साथ सम्मान किया। अवसर पर पूर्व मंत्री श्री मोहोड ने कहा कि, ग्रामीण अचंल के परिवेष के होनहार युवा ने जिले का नाम रोशन किया है। शासन और संगठन सदैव प्रतिभाशाली खिलाडीयों के साथ खडा है। जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि, मंगेष यादव का आईपीएल में चयन जिले के युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत है। यह सिद्ध करता है कि, निरंतर मेहनत, अनुषासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से कोई भी युवा राष्टीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकता है। हमें विश्वास है कि, मंगेष अपने शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र और प्रदेष का नाम रोषन करेगे। अवसर पर जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद्र डागा, नपा उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, भाजपा नेता मोरेश्वर मर्सकोले, मोहन ताजने, धीरेन्द्र करडमारे, पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड,मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, प्रभाकर बोबडे, विवेक गायकवाड सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।




